Media Report

विश्व स्तनपान सप्ताह उत्सव

विश्व स्तनपान सप्ताह उत्सव (1 से 7 अगस्त) के अवसर पर इम्पैक्ट फॉर न्यूट्रिशन (I4N) मध्यप्रदेश ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। प्रस्तुत है रिपोर्ट:

कार्यक्रम:	इन्फ्लुएंसर्स मीट
तिथि:	1 अगस्त 2023
स्थान:	जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी
प्रतिभागी:	30
रीच:	एक लाख से ऊपर

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी

- आज की पीढ़ी सोशल मीडिया से बहुत ज़्यादा प्रभावित रहती है। इसी बात का ध्यान रखते हुए सप्ताह की शुरुआत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स मीट से की गई।
- इस विशेष मीट में भाग लेने वाले इन्फ्लुएंसर्स को माता के पहले दूध का महत्व और शिशु के लिए स्तनपान करना कितना आवश्यक है आदि विषयों के बारे में बात की गई।
- कार्यक्रम में यूनिसेफ की मध्यप्रदेश चीफ मार्गरेट ग्वाडा ने भाग लिया और अपने निजी अनुभव साझा करते हुए मां के स्तनपान में पिता और घरवालों की भूमिका पर रौशनी डाली।
- यूनिसेफ की न्यूट्रिशन स्पेशलिस्ट डॉ पुष्पा अवस्थी ने मां के दूध की विशेषताओं पर भी बात की।
- सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भी उत्सुकता दिखाते हुए कई सवाल किये, जिसके बल पर ज़्यादातर सभी इन्फ्लुएंसर्स ने अपने अपने अकाउंट से रील और स्टोरी शेयर करते हुए ये जानकारियां अपने फॉलोवर्स से साझा की।
- इन इन्फ्लुएंसर्स के ज़रिये स्तनपान से जुड़ी जानकारी लगभग एक लाख लोगों तक पहुंची।
- जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी एवं यूनिसेफ के सहयोग से इम्पैक्ट फॉर नुट्रिशन ने ये मीट आयोजित की थी।

कार्यक्रम की तस्वीरें

B200

IMPAct for
Impact4nutrition

कम्युनिटी टॉक

विश्व स्तनपान सप्ताह उत्सव (1 से 7 अगस्त) के अवसर पर इम्पैक्ट फॉर न्यूट्रिशन (I4N) मध्यप्रदेश ने बिल्किसगंज, सीहोर की महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम किया।

कार्यक्रम:	कम्युनिटी टॉक
तिथि:	4 अगस्त 2023
स्थान:	बिल्किसगंज, सीहोर
प्रतिभागी:	50
रीच:	500 से ज़्यादा

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी

- महिलाओं को नाटक के माध्यम से घरवालों की नयी माँ को मदद जैसे विषयों के बारे में बताया गया।
- उनके लिए पोषण पर आधारित छोटा सा क्विज भी रखा गया।
- यूनिसेफ की न्यूट्रिशन स्पेशलिस्ट डॉ पुष्पा अवस्थी ने स्तनपान और मां के दूध के फायदों के बारे में महिलाओं को बताया।
- उन्होंने ये भी बताया की छह माह के हो जाने पर शिशु को कैसा और क्या आहार में देना चाहिए।
- इस अवसर पर महिलाओं को पोषक तत्वों की तस्वीरें भी बनाई।

- महाशक्ति सेवा समिति की महिलाओं ने इस अवसर पर उपस्थित अथितियों को विशेष राखी बांधकर उनका सम्मान किया। ये राखी स्तनपान के महत्त्व को बताने के उद्देश्य से बनाई गई थी।

कार्यक्रम की तस्वीरें

लेट्स टॉक न्यूट्रिशन

विश्व स्तनपान सप्ताह उत्सव (1 से 7 अगस्त) के अवसर पर इम्पैक्ट फॉर न्यूट्रिशन (I4N) मध्यप्रदेश ने शासकीय गीतांजलि गर्ल्स कॉलेज में पोषण और स्वास्थ्य पर आधारित के विशेष सेशन का आयोजन किया।

कार्यक्रम:	लेट्स टॉक न्यूट्रिशन
तिथि:	7 अगस्त 2023
स्थान:	शासकीय गीतांजलि गर्ल्स कॉलेज
प्रतिभागी:	100
रीच:	1000 से ज़्यादा

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी

- इस सेशन में डायटीशियन अमिता सिंह ने 18-23 साल की लगभग 100 छात्राओं को संबोधित किया।
- उन्होंने छात्राओं को पौष्टिक भोजन और उसे रोज़मर्रा की ज़िंदगी में अपनाने के सरल उपायों के बारे में बताया।
- अमिता सिंह ने ये भी बताया की पौष्टिक भोजन अंदरूनी स्वास्थ्य और बाहरी छवि को सुधारने के लिए बेहद ज़रूरी है।
- उन्होंने छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए।
- सेशन के दूसरे सत्र में यूनिसेफ की न्यूट्रिशन स्पेशलिस्ट डॉ पुष्पा अवस्थी ने छात्राओं को सरल भाषा में एनीमिया के लक्षणों के बारे में बताया और टेस्ट करवाने की सलाह भी दी।
- उन्होंने छात्राओं को प्रण दिलवाया कि वे अपने और घरवालों के खानपान की आदतों में सुधार लाएंगी और इस दिशा में औरों को भी जागरूक करेंगी।

कार्यक्रम की तस्वीरें

IMPAct for Nutrition
Sanidhya
WORLD BREASTFEEDING WEEK - 2023
(1st August to 7th August)
"Lets talk Nutrition "
Workshop On
Nutrition And Health
7th August 2023 at
Govt Geetanjali Girls College, Bhopal
सीखो-कमाओ